देश में सर्वाधिक ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला राज्य बना यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

एके शर्मा ने दिल्ली में ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में बताई उपलब्धियां

कहा, निर्बाध और निरंतर बिजली आपूर्ति के लिए कई नई व्यवस्थाएं लागू

लखनऊ। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश में सर्वाधिक ऊर्जा आपूर्ति करने वाला राज्य बन गया है। यह संभव हुआ कई नई व्यवस्थाएं लागू करने और तकनीकी विकास की वजह से। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी मामले के मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में राज्यों की ऊर्जा जरूरतों, अवस्थापना संरचनाओं के विकास तथा देश में ऊर्जा क्षेत्र के संभावित विकास की रणनीतियों व सुझावों पर चर्चा हुई।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने 62 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 47 प्रतिशत वित्तीय प्रगति हासिल की है जो कि देश में सर्वाधिक है। लाइन हानियों में कमी लाने के प्रयासों में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में 13 जून 2024 को 30,618 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई, जो देश में सर्वाधिक थी। प्रदेश में 2034 तक की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधनों के लिए योजना तैयार कर ली गई है। बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकताओं को थर्मल, हाइड्रो, सोलर एवं पीएसपी परियोजनाओं को मिलाकर पूरा करने की योजना है। प्रदेश में निजी क्षेत्र की सहायता से भी बड़ी बिजली परियोजनाएं स्थापित करने की योजना पर कार्य हो रहा है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में 80.20 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वित्तीय वर्ष 2023-24 में 84.50 प्रतिशत का सुधार हुआ है। इसी प्रकार से राजस्व अर्जित करने की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2021-22 में राजस्व वसूली 85.90 प्रतिशत थी, वह वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 98.70 प्रतिशत हो गया है। बिजली की प्रति यूनिट दर भी वित्तीय वर्ष 2020-21 में 3.92 रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4.70 रुपये हो गई है।